मीरा रोड (मुम्बई) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रविवार, 13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्पानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा मोटर साईकिल यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ ट्राँसपोर्ट विंग की वाइस चेयरपर्सन ब्रह्माकुमारी दिव्यप्रभा तथा ब्रह्माकुमारीज़ मीरा रोड सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रंजन बहन सहित शहर के कई प्रमुख मान्यवर भ्राता रवि व्यास - भाजपा ज़िलाध्यक्ष, भ्राता चन्द्रकाँत मोदी - अखिल भारतीय समाज सेवक, बहन डॉ. नैना बसानी, बहन डॉ. रेखा देसाई - कलाकृति डाँस एकेडमी प्रमुख, भ्राता मनोज सिंह, विक्रम सिह - नगर सेवक, बहन दीपिका अरोरा - नगर सेविका, भ्राता जीवांश चड्डा जी - टी.वी. सीरियल कलाकार तथा कथाकार राजगुरु रसिक महाराज जी आदि ने परमात्मा का ध्वज दिखाकर यात्रा की शुरूआत की।

इस यात्रा में विशेष श्रीलक्ष्मी-श्रीनारायण, भारतमाता तथा धर्मराज और चित्रगुप्त चैतन्य रूप में शोभायमान रहे।

इस यात्रा में लगभग 80 बाइकर्स ने यातायात के सभी नियमों का पालन करते हुए शहर के कोने-कोने में जाकर जन-जन में जागृति लाई। इन सभी बाइकर्सों का अलग-अलग स्थानों पर पुष्पों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस रैली का समापन भी बहुत सफल रहा। मंच पर उपस्थित मीरा-भाईंदर की महापौर बहन ज्योत्सना हसनाले जी, मा.जी. आमदार भ्राता नरेन्द्र मेहता जी, समाज सेविका डॉ. अर्चना देशमुख जी तथा ब्रह्माकुमारीज़ ट्राँसपोट्र विंग की नेशनल कॉर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी कुन्ती बहन तथा कई नगर सेवकों व नगर सेविकाओं ने इस यात्रा की खूब सराहना की और इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी बाइकर्स को धन्यवाद दिया।

अन्त में सभी बाइकर्स को संस्था के द्वारा सर्टिफिकेट, गिफ्ट, प्रसाद और तुलसी का पौधा भी प्रदान किया गया। इस रैली को लेकर शहर के स्थानीय लोगों में काफी उमंग-उत्साह देखने को मिला। सभी ने बहुत ही शान्तिप्रिय वातावरण में सभी कानूनी नियमों का पालन करते हुए इस यात्रा को पूर्ण किया।